**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 22 मार्च 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'पुष्पक' की सफल लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी की जायेगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात की। श्री विज ने पार्टी से नाराज़गी होने से इंकार किया।
- हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने मटर की एक नई बीमारी और इसके कारक जीवाणु की खोज की।
- आज देशभर में विश्व जल दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार इस बहुमूल्य संसाधन के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

..........................................................................................

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दोबारा इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक की सफल लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

श्री ठाकुर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों का समर्पण और नई सोच सराहनीय है और इससे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में नई ऊंचाई हासिल करने में मदद मिलेगी।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 6 मई तक भरे जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा में मतदान छठे चरण में 25 मई को होना है। श्री अग्रवाल ने बताया कि चुनाव अधिकारी नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि, स्थान, समय, नामांकन पत्रों की जांच व पत्र वापिस लेने की तिथि इत्यादि के बारे में सारी जानकारी सार्वजनिक करेंगे और सरकारी कार्यालयों में नोटिस भी चस्पा करेंगे।

उन्होंने बताया कि नामांकन के समय प्रत्याशियों को चुनाव अधिकारी, सहायक चुनाव अधिकारी के कार्यालय में अपने साथ अधिकतम 4 लोगों को लाने की अनुमति होगी। इसके ईलावा कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में अधिकतम 3 वाहन ही लाए जा सकते है।

उम्मीदवारों के चुनव खर्च पर श्री अग्रवाल ने बताया कि उम्मीदवारों को अधिकतम 95 लाख रुपये चुनाव खर्च की अनुमति है। इसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा और चुनाव खत्म होने के एक माह के अंदर-अंदर आयोग को चुनाव खर्च का ब्यौरा देना होगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति व जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 12,500 रुपये है, जो नकद या खजाने के माध्यम से ही स्वीकार्य होगी।

एक उम्मीदवार अधिकतम 4 नामांकन पत्र भर सकता है तथा 2 लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ सकता है। नामांकन पत्र उम्मीदवार द्वारा या उसके प्रस्तावक द्वारा भरा जा सकता है। नामांकन पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जा सकता, बल्कि व्यक्तिगत रूप से ही प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नामांकन दाखिल करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी करवाई जाएगी।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के साथ मुलाकत की।

अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि दोनों के बीच लगभ्र 45 मिनट तक बातचीत हूई। बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अनिल विज पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और जब वो जिला अध्यक्ष थे, तब से ही वे श्री विज का मार्गदर्शन

लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री अनिल विज के मार्ग दर्शन  में पार्टी लोकसभा की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के अनन्य भक्त है जो कभी पार्टी से नाराज़ नहीं होते।

.................................................................................................

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने मटर की एक नई बीमारी और इसके कारक जीवाणु की खोज की है।

पौधों में नई बीमारीकी खोज को मान्यता देने वाली अमरीका की अमेरिकन फाइटो पैथोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित शोध पत्रिका प्लांट डिजिज में इस बीमारी की खोज बारे प्रथम शोध रिपोर्ट को जगह दी गई।

हिसार स्थित कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक इस बीमारी की खोज करने वाले दुनिया के पहले वैज्ञानिक हैं। उन्होंने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में विभिन्न फसलों में उभरते खतरों की समय पर पहचान महत्वपूर्ण हो गई है और वैज्ञानिकों को रोग नियंत्रण पर जल्द से जलद्य काम शुरू करना चाहिए। डॉ. कंबोज ने कहा कि मटर में इस बीमारी की जल्द पहचान से योजनाबद्ध प्रजनन करने में मदद मिलेगी।

.................................................................................................

आज देशभर में विश्व जल दिवस मनाया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जल हमारे जीवन का आधार है और सरकार इस बहुमूल्य संसाधन के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियणाणा में आज जल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पलवल के दुधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आज इस उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण विशेषज्ञों ने

जल संकट और इससे पार पाने के प्रयासों पर मंथन किया। विद्यार्थियों से जल संरक्षण के प्रहरी बनकर काम करने का आहवान किया गया।

विद्यार्थियों को जल एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

उधर फरीदाबाद के सराय ख्वाजा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों ने छात्रों को वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूक किया।

अंबाला छावनी के आर्य कन्या महाविद्यालय में जल संरक्षण प्रकोष्ठ तथा एनसीसी यूनिट ने विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया और छात्राओं को जल प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पंकज धांकड़ और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने सभी प्राध्यापिाओं और छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

जींद के औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान में भी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खंड समंवयक दिनेश मलिक ने विद्यार्थियों को जिला दिवस के महत्व के बारे में बताया।

पंचकूला में भी हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक सेमिनार करवाया गया। जिसमें प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्माने विश्व जल दिवस के इस वर्षके थीम "शांति के लिए जल का उपयोग" की व्याख्या की।

उन्होंने कहा कि अगर पानी कम होगा तो समाज में अशांति फैलेगी। श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2024-25 के अंत तक एक हज़ार 282 अमृत सरोवर और 5 हज़ार 718 मॉडल तालाबों को पुन: स्थापित किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जल संकट वाले क्षेत्रों में पड़ने वाले 1971 तालाबों को 2024-25 की कार्ययोजना के अनुसार बहाल किया जायेगा।

भिवानी में सामाजिक संस्था नेताजी संभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा जल दिवस पर शिक्षकों को जल संरक्षण की संकल्प का संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित अशोक भारद्वाज एवं शिक्षिका सावित्री यादव ने बताया कि महिला शिक्षिकों ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए महिला शिक्षक समूह तैयार किया है।

कैथल जिले के सेरधा स्थित अमरनाथ भगत जय राम कन्या महाविद्यालय में विश्व जल दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

.....................................................................................

रेजांगला शौर्य समिति की ओर से आज रेवाड़ी में रेजांगला शहीद स्मारक पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रेजांगला युद्ध के जीवित योद्धा सेना पदक से सम्मानित निहाल सिंह यादव व कप्तान रामचंद्र यादव मौजूद रहे।

इस अवसर पर गुरूग्राम के एसजीटी विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नोलॉजी फैकल्टी के स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के दल को विशेष रूप से देश के असली नायकों की जीवनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

.....................................................................................

असम में गिरफ्तार किए गए आतंकी संगठन आई.एस. के भारत में प्रमुख हारिस फारूकी के साथ गिरफ्तार किए गए दूसरे आतंकी की पहचान रेहान के तौर पर हुई है। रेहान का वास्तविक नाम अनुराग सिंह है और वह पानीपत जिले में समालखा के गांव दीवाना का निवासी है।

पानीपत से हमारे संवाददाता विनोद ने बताया है कि अनुराग सिंह उर्फ रेहान का परिवार 25 वर्षों से दिल्ली के रोहिणी इलाके में रह रहा है। अनुराग सिंह ने परिवार ने बताया कि उन्हें अनुराग के धर्मपरिवर्तन और बांग्लादेश की एक महिला से शादी करने बारे कोई जानकारी नहीं है। असम के विशेष कार्य बल ने दोनों आतंकियों को राष्ट्रीय अंवेषण ऐंजंसी को सौंप दिया है।

.............................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि राज्य में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनावों के मतदान में नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे इसके लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनावों में राज्य में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुआ था, जोकि राष्ट्रीय औसत से अधिक था। इस बार मुख्य चुनाव कार्यालय का लक्ष्य है कि राज्य में कम से कम 75 प्रतिशत मतदान हो।

श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि इस बार मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए और भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु भारतीय डाक विभाग व इंडियन बैंक्स एसोसिएशन के साथ समझौता ज्ञापन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को संदेश देना है कि लोकतंत्र में जनता की भागीदारी अहम है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

.............................................................................................